<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–06 मई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गृह मंत्रालय ने राज्यों से नागरिक सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए कल मॉक ड्रिल करने को कहा, प्रधानमंत्री ने रक्षा सचिव से की मुलाकात, तीनों सेना प्रमुखों के साथ अलग अलग बैठकें भी कीं।
- वक्फ् संशोधन अधिनियम दो हजार पचीस की वैधता से संबंधित मामले पर पंद्रह मई को होगी सुनवाई, अगले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई की पीठ के समक्ष रखा जायेगा केस।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने चीनी उद्योग और गन्ना विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की, कहा–गन्ना भुगतान में देरी पर होगी कड़ी कार्रवाई।
- प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर हो रही है बारिश और बूंदाबांदी।

**********

गृह मंत्रालय ने राज्यों से नागरिक सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए कल मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा है। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इन उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन और हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना शामिल है। सूत्रों ने बताया कि उपायों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को समय से पहले छिपाने का प्रावधान और निकासी योजना को अपडेट करना तथा उसका पूर्वाभ्यास करना भी शामिल है। मॉक ड्रिल एक तरह का अभ्यास है जिसे व्यक्तियों को संभावित आपात स्थितियों या गंभीर स्थितियों के लिए तैयार किया जाता है।

इस बीच, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल, नौसेना प्रमुख एडमिरल और सेना प्रमुख जनरल के साथ भी अलग–अलग बैठकें की। ये बैठकें पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर हुई हैं। बाईस अप्रैल को हुए इस हमले में छब्बीस लोगों की आतंकवादियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पचीस की संवैधानिक वैधता से संबंधित मामले को इस महीने की पंद्रह तारीख को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने जवाबी हलफनामे का बहुत गहराई से अध्ययन नहीं किया है। न्यायामूर्ति खन्ना ने कहा कि वे अगले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई की पीठ के समक्ष इस मामले को पोस्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि वे मुद्दों का अध्ययन करने के लिए न्यायमूर्ति गवई को कुछ समय देंगे। न्यायमूर्ति गवई इस महीने की चौदह तारीख से भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार ग्रहण करेंगे।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका को कल खारिज कर दिया । याचिका में आरोप लगाया गया था कि राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता भी है, जो भारतीय कानून का उल्लंघन है, क्योंकि भारत में दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले में याचिका को विचाराधीन रखने का कोई औचित्य नहीं है।

ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वजूखाना के एएसआई सर्वेक्षण की मांग पर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई चार जुलाई तक टाल दिया। सुप्रीम कोर्ट के स्थगन आदेश को यथावत मानते हुए कोर्ट ने ग्रीष्म अवकाश के बाद सुनवाई करने की बात कही। साथ ही संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने के लिए फिर से निर्देश दिया गया है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–दो हजार पचीस की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति और वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***बैठक में राज्यपाल ने 1 जून से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में आयोजित किए जाने वाले योग कार्यक्रमों को रचनात्मक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित दस प्रमुख गतिविधियों के प्रति विश्वविद्यालयों को जागरूक किया और इन योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब केवल एक प्रतीकात्मक दिवस नहीं, बल्कि एक वैश्विक जनांदोलन बन चुका है, जिसके माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन, सामाजिक समरसता और पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा दिया जा रहा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर चीनी उद्योग और गन्ना विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गन्ना किसानों का भुगतान समय से करने के विशेष निर्देश दिये। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने कहा कि जो चीनी मिलें भुगतान में देरी या हीलाहवाली करेंगी उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि चीनी मिलों को गन्ना खरीद के लिए आवंटित कमांड एरिया का निर्धारण, उनके द्वारा किसानों को किये जा रहे गन्ना मूल्य भुगतान के रिकॉर्ड के आधार पर किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को विभागीय प्रस्तुतिकरण के जरिये गन्ना मूल्य भुगतान, उत्पादकता, आधारभूत संरचना, रोजगार और भावी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि किसानों को उन्नत किस्म के बीज समय पर उपलब्ध कराए जाएं। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।***

**********

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कल बदायूं में वन स्टॉप सेंटर का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में सात सौ से ज्यादा वन स्टॉप सेंटर बनाकर पीड़ित महिलाओं की मदद की जा रही है।

***एक हजार पाँच सौ सतहत्तर बेटी महिलाओं के लिए यह काउंसलिंग के रूप में सेवाएं देने का काम भी हुआ और इस प्रकार के वन स्टॉप सेंटर पूरे देश भर में सात सौ से ऊपर इस समय तक चल रहे हैं तो बहुत बेहतर तरीके से सुविधाएं देने का काम उन हिंसा से पीड़ित मरीज रैली हिंसा हो या कोई अन्य हिंसा हो, उससे पीड़ित बेटियों के लिए महिलाओं के लिए यह सुविधाएं देने का काम होगा।***

**********

प्रदेश में कल से मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत मृदा नमूना संकल्न अभियान शुरू हो गया। यह अभियान खरीफ सीजन के लिए निर्धारित ग्यारह लाख छप्पन हजार मिट्टी के नमूनों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए चलाया जा रहा है। जौनपुर जिले के मृदा प्रशिक्षण प्रयोगशाला प्रभारी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत मृदा जांच रिपोर्ट के आधार पर किसानों को जरूरत के हिसाब से उर्वरक के इस्तेमाल की सलाह दी जाएगी।

***इसका मेन उद्देश्य किसानों को जागरूक करना है कि वो अपने खेत में जो अंधाधुंध फर्टिलाइजर डाल रहे हैं जो किसान की लागत बढ़ती जा रही है उसको कम करने के उद्देश्य से हम लोग ये मिट्टी की जाँच करा रहे हैं। जो उनका जाँच आता है उसके हिसाब से इधर से रिकमेंडेशन दिया जाता है कि आप डी ए पी यूरिया और एमओपी कितने अमाउंट में प्रति हेक्टेयर आपको डालनी है। उसके साथ हम जैविक का भी उपयोग करने के लिए बताते हैं।***

**********

शासन ने कल देर रात चौदह आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर को गोरखपुर जिले की, जबकि गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर को अयोध्या जिले की जिम्मेदारी दी गई है। वाराणसी में तैनात मोहित गुप्ता को गृह सचिव बनाया गया है। कल हुए तबादलों में कई अन्य डीआईजी और पुलिस अधीक्षकों का स्थानांतरण भी शामिल है।

**********

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कल बालिकाओं के कबड्डी स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की टीम ने तमिलनाडु को पराजित कर दिया। यह मुकाबला बिहार के राजगीर खेल परिसर में हुआ। इस आयोजन में अट्ठाइस राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**********

संभल में एनसीईआरटी की पुस्तकों की जगह निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाने पर तैंतिस स्कूलों के खिलाफ जिलाधिकारी ने कार्रवाई की है। इन सभी तैंतिस स्कूलों पर एक–एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने इन सभी स्कूलों को एक सप्ताह के भीतर जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कल से ही रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। रायबरेली जिले में कल रात तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बलिया और अम्बेडकरनगर जिले में भी रात में गरज चमक के साथ बारिश हुई। जौनपुर में आज सुबह हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई।

इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कम से कम दो दिनों तक बारिश होने की सम्भावना है।

**********